St. LAWRENCE HIGH SCHOOL

FOR GOD AND COUNTRY

A JESUIT CHRISTIAN MINORITY INSTITUTION
27, BALLYGUNGE CIRCULAR ROAD
KOLKATA – 700 019

Hindi Text : (2nd Term) **(Answer Worksheet –15)** **Date: 24.09.2020**
Topic: अपना भरोसा **Class -3**

निम्न प्रश्नो के उत्तर दो :-

1 जानवर कहाँ रहते थे और किसके थे ?

उ- अरई गाँव में पाँच मित्र रहते थे - खरगोश , गाय ,घोड़ा , गधा और बकरी | खरगोश पहाड़ की तलहटी में बिल बनाकर रहता था | गाय एक ग्वाले की थी | घोड़ा गाँव के बड़े किसान का था | गधा गाँव के धोबी का था और बकरी एक मजदुर की थी |

2 खरगोश सब जानवरों के साथ कैसे खेलता था ?

उ- खरगोश छोटा था , पर बहुत चंचल था | वह गाय की पीठ पर चढ़ता और पूंछ पकड़कर उतर जाता | घोड़े की पीठ पर वह राजा की तरह बैठ जाता | कभी वह गधे की पीठ गुदगुदा कर उसे हंसा देता | बकरी की पीठ पर वह छलांग मारकर सवार हो जाता और फिर जल्दी से उतर जाता |

3 खरगोश के लिए अचानक बिल से निकलना मुश्किल क्यों हो गया ?

उ- पाँचो जानवर मज़े में रहते थे | तभी अचानक एक दिन जंगल में कहीं से मोटा - ताज़ा जंगली कुत्ता आ गया | खरगोश के लिए अब बिल से निकलना मुश्किल हो गया | कुत्ता हमेशा उसकी ताक में रहता | अगर खरगोश बाहर निकलता , तो वह उसका शिकार कर लेता | इसीलिए खरगोश बिल में ही रहता |

4 खरगोश ने बिल से निकलकर गाय से क्या कहा ?

उ- एक दिन खरगोश बिल से निकला | कुत्ता कहीं घूमने गया था | सबसे पहले वह गाय के पास गया और उससे कहा कि उसके पीछे एक कुत्ता पड़ा है | वह हमेशा उसकी ताक में रहता है | आज वह उससे बचकर आया है | वह अपने पैने सींगो से उसका पेट फाड़ दे |

Poonam Mehra